1	3	4	5
9. Bhavnagar (Chitra RLU) . . .	Bhavnagar	20	June '95
10. Umargam 10K C-DOT . . .	Umargam	200	June '96
11. Silvasa 10K C-DOT	Silvasa	225	June '96
12. Adipur RLU . . .	Adipur	25	Sept. '95
13. Ankleshwar RLU	Ankleshwar	80	Sept. '95
14. Sardarnagar-BV RLU . . .	Bhavnagar	25	Sept. '95
15. Anjar Vertical Extn.	Anjar	20	June '95
16. Raiya Road, Rajkot	Rajkot	25	Dec. '95
17. Porbandhar Horizontal and vertical extension of TE building) . . .	Porbandhar	168	Dec. '95

विदिशा और रायसेन जिलों में आप्टिकल फाइबर लाइन

4490. श्री राघवजी : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के विदिशा और रायसेन जिलों में किन-किन स्थानों में आप्टिकल फाइबर लाइन बिछाने की योजना है ;

(ख) उपर्युक्त योजनाओं को कब तक पूरा कर लिये जाने की संभावना है; और

(ग) उपर्युक्त योजनाओं के पूरा होने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) मध्य प्रदेश के विदिशा और रायसेन जिलों में आप्टिकल फाइबर प्रणाली से जिन स्थानों को जोड़ने की योजना है उनके नाम इस प्रकार हैं :—

(i) **विदिशा जिला** : विदिशा, गंजबासोदा कुर्वई, सिरोज, लटेरी तथा, नटेरन

(ii) **रायसेन जिला** : ओबेदुल्लागंज, मंडीदीप, सांची, गोहारगंज, बाड़ी, बरेली तथा उदयपुरा ।

(ख) (i) विदिशा, गंजबासोदा, कुर्वई, सिरोज, लटेरी, नटेरन तथा सांची को मार्च, 1996 तक और,

(ii) ओबेदुल्लागंज, मंडीदीप, गोहारगंज, बाड़ी, बरेली तथा उदयपुरा को 1996-97 के दौरान आप्टिकल फाइबर लिंक के चालू किए जाने की संभावना है।

(ग) उपर्युक्त योजनाओं को पूरा होने में विलम्ब का कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया गया है ।

नये टेलीफोन कनेक्शनों में कथित धोखाधड़ी

4491. श्री जनेश्वर मिश्र : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 29 मार्च, 1995 के "जनसत्ता" में "नये फोन कनेक्शन के नाम पर ठगी का धन्धा" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;